# आचार संहिता




सितंबर
2023



तस्वीर : डिडिएर डेल्मास

# मूल्य

## हमारे मूल्य हमारे कार्य को निर्देशित करते हैं

**सत्यनिष्ठा:** हम ईमानदार, खुले और निष्पक्ष हैं, और हम एक ऐसे वातावरण की अपेक्षा रखते हैं जहां हर किसी को महसूस हो कि उन्हें सम्मानित, शामिल किया जाता है और सुना जाता है।


**सरलता:** हम बड़ी सोच रखते हैं/बड़े सपने देखते हैं और अपने उपभोक्ताओं, ग्राहकों और टीमों के लिए चतुर/बढ़िया, सरल, फिर भी ज़ोरदार समाधान लेकर आते हैं।

**ज़िम्मेदारी:** हम साहसी और ठीक समय में निर्णय लेते हैं और ऐसे महत्वाकांक्षी परिणाम देते हैं जो दुनिया भर में हमारे उपभोक्ताओं को आनंदित करते हैं।

**निरंतरता:** हम अपनी टीम के सदस्यों, समुदायों और दुनिया में सार्थक योगदान करते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाते हैं।

**सादगी:** हमारा मानना है कि सरल समाधान अक्सर सबसे अच्छे समाधान होते हैं, जटिलता का सामना करते समय, हम स्पष्टता के साथ कार्य करते हैं।

**टीमवर्क:** हम श्रेष्ठ मानक तय करते हैं, एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं और सभी सरहदों के पार मिलकर काम करते हैं, एवं स्वयं को और एक-दूसरे को ज़िम्मेदार बनाते हैं।



# हमारी टीम के सभी सदस्यों, और हमारे सभी भागीदारों,

हमारी कंपनी की स्थापना हमारे संस्थापक मार्सेल बिच (Marcel Bich) की मिसाली प्रतिष्ठा पर की गई थी और सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं कानून के नियम के प्रति सतत सम्मान जैसे हमारे मूल्यों पर की गई थी।

कार्यकारी समिति और वरिष्ठ प्रबंधन मानते हैं कि हमारी जैसी कंपनी की सफलता सबसे मज़बूत नैतिक मानकों और सिद्धांतों पर निर्भर करती है। हम जो भी करते हैं उसमें ज़िम्मेदारीपूर्वक और निरंतर रूप से कार्य करते हैं। हम, भविष्य की पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए, हमारी पृथ्वी की रक्षा करने और समाज तथा पूरी आपूर्ति श्रृंखला के प्रति निष्पक्ष रहने हेतु अपनी पूरी कोशिश करने के लिए समर्पित हैं।

हमारे मूल्य हमारे कार्यों को संचालित करते हैं, जो कानून का सम्मान करके नियंत्रित होते हैं, और हम कानून के किसी भी जानबूझकर उल्लंघन को होने नहीं देते हैं।

हम वैश्विक स्तर पर आचरण और व्यवहार के श्रेष्ठ मानकों के आधार पर अपने सभी हितधारकों - टीम के सदस्यों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, शेयरधारकों और नियामकों के साथ - रिश्ते बनाते हैं और उन्हें बनाए रखते हैं।

हमारी टीम के सभी सदस्यों को उनकी भूमिका, वरिष्ठता या जगह की परवाह किए बिना, हर समय, लागू कानून, विनियमों और उद्योग मानकों के साथ-साथ इस संहिता, हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करना आवश्यक है।

यह संहिता ऐसे अनुपालन कार्यक्रम का एक हिस्सा है, जो कि

पारदर्शिता, भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ लड़ाई और अर्थव्यवस्था संबंधी जीवन के आधुनिकीकरण (तथाकथित "सैपिन II कानून") पर 9 दिसंबर 2016 के कानून संख्या 2016-1691 के अनुसार और मूल कंपनियों और ऑर्डर देने वाली कंपनियों की सतर्कता के कर्तव्य पर 27 मार्च 2017 के कानून संख्या 2017-399 (तथाकथित «सतर्कता का कर्तव्य अधिनियम»), जिसके हम विश्व स्तर पर अधीन हैं, उसके अनुसार बनाया गया है।

कृपया इस संहिता को पढ़ने और समझने के लिए समय निकालें ताकि अपने लाइन मैनेजर और अपने कानूनी और/या अनुपालन अधिकारी के समर्थन से आप अपनी व्यक्तिगत ज़िम्मेदारियों को समझ सकें और जान सकें कि किससे मदद मांगनी है।

आपकी राय महत्वपूर्ण है, और हम हमेशा आपकी बात सुनने और कार्य करने के लिए मौजूद रहेंगे।


इस संहिता को पढ़ें, इसका अनुकरण करें, इसे आगे बढ़ाएं, इसका पालन करें और सुनिश्चित करें कि आपके आस-पास के लोगों द्वारा इसका सम्मान किया जाता है।

ज़्यादा जानकारी के लिए, अपनी कानूनी और/या अनुपालन टीम से यहां पूछें:

*ईमेल :* SpeakUp@bicworld.com
*वेबसाइट :* BIC SpeakUp

# BiC® कार्यकारी टीम





## हम आपसे क्या उम्मीद करते हैं?

- इस संहिता की सामग्री से खुद को परिचित कीजिए और इसे पूरी तरह से अपनाएं
- संहिता के विपरीत किसी भी रवैये या व्यवहार को अस्वीकार करें
- हमारे मूल्यों पर लगातार कार्य करें
- संगठित OneBIC (वन बी.आई.सी) के रूप में कार्य करें
- किसी भी प्रश्न के संबंध में अपनी कानूनी और/या अनुपालन टीमों के इनपुट मांगने में संकोच न करें



## आप BIC® से क्या उम्मीद कर सकते हैं

- इस संहिता की सामग्री से खुद को परिचित कीजिए और इसे पूरी तरह से अपनाएं
- एक ऐसी कंपनी बनना जो ईमानदारी और विश्वास की संस्कृति का समर्थन करती है।
- एक ऐसी कंपनी बनना जो टीम के किसी भी और सभी सदस्यों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और किसी भी अन्य हितधारकों के लिए सम्मान सुनिश्चित करती है।
- एक ऐसी कंपनी बनना जो हर किसी की बात सुनती है और किसी भी प्रकार के प्रतिशोध से बचाती है।
- एक प्रगतिशील, विविध और समावेशी कंपनी बनना।
- एक ऐसी कंपनी बनना जिस पर हम सभी लगातार गर्व कर सकें।





BiC
Marking
2000
PERMANENT MARKER
BiC
Gelocity
0.7
BiC
Marking
FINE POINT·PERMANENT MARKER




BIC

# सामग्री

**परिचय** .......... **07**

**1. कार्य में हमारे मूल्य : कानूनों का अनुपालन और BIC की प्रतिष्ठा की सुरक्षा** .......... **09**

1.1. भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ लड़ाई में हमारी प्रतिबद्धताएं .......... 10
o उपहार और मनोरंजन
o संरक्षकता, दान और प्रायोजन
o हितों के टकराव
o लॉबिंग
o तीसरे पक्षों के साथ संबंध:
o सरकारी अधिकारी गण
o व्यावसायिक भागीदार

1.2. व्यापार नियंत्रण, प्रतिबंध और व्यापार रोक .......... 15

**2. प्रशासन और सतर्कता का कर्तव्य** .......... **17**

2.1. प्रशासन .......... 18
o वित्तीय जानकारी
o धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) विरोधी और आतंकवाद के वित्तीयन का विरोध करना
o कंपनी की परिसंपत्तियों की धोखाधड़ी और उनका दुरुपयोग

2.2. पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन से संबंधित हमारी प्रतिबद्धताएं .......... 20
o उत्तरदायित्व मानव अधिकार
o मानव अधिकार, विविधता और समावेशन
o भेदभाव और उत्पीड़न
o स्वास्थ्य और सुरक्षा
o पर्यावरण

**3. परिसंपत्तियों और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा** .......... **23**

3.1. ब्रांड की सुरक्षा .......... 24
o गुणवत्ता, बौद्धिक संपदा और नकली वस्तुओं के ख़िलाफ़ लड़ाई
o निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

3.2. सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा एवं गोपनीयता .......... 25
o डेटा गोपनीयता और निजी जानकारी
o बाहरी संचार और सोशल मीडिया

**4. आपके प्रति हमारी प्रतिबद्धताएं : मुखबिरी प्रणाली** .......... **29**

4.1. मुखबिरी .......... 30

4.2. प्रतिशोध के ख़िलाफ़ सुरक्षा .......... 31

# परिचय

यह आचार संहिता («संहिता»), पालन किए जाने वाले हमारे मूल्यों और नियमों एवं व्यवहारों को निर्धारित करती है। टीम के प्रत्येक सदस्य को हमारी प्रतिष्ठा को बनाए रखने और आगे सुरक्षित रखने के लिए इन व्यवहार संबंधी मानकों को पूरा करना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए।

टीम के सदस्यों को जिन देशों में वे काम करते हैं उनके कानूनों और विनियमों का भी पालन करना आवश्यक है, जिसमें भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ लड़ाई, धन-शोधन और आतंकवाद के वित्तीयन का विरोध करना, मानव अधिकारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा, पर्यावरण, डेटा गोपनीयता को बनाए रखने और हमारे ब्रांड की सुरक्षा से संबंधित कानून, नियम और मानक शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

यदि स्थानीय कानून में इस संहिता और संबंधित नीतियों में निहित प्रावधानों की तुलना में कड़े प्रावधानों का उपबंध किया गया है, तो इस संहिता और अन्य समूह की नीतियों में निहित नियमों पर स्थानीय कानून के कड़े प्रावधान ही प्रभावी रहेंगे। इसके विपरीत, जहां स्थानीय कानून द्वारा जो उपबंध किया गया है उसकी तुलना में अंत में उल्लेख किए गए ज़्यादा सख़्त है, वहां इस संहिता और नीतियों के नियमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## कार्यक्षेत्र

यह संहिता BIC S.A. के टीम के सभी सदस्यों, अधिकारियों, निदेशकों और फ्रांस और विदेश में, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसके स्वामित्व वाली संस्थाओं और कंपनियों ("BIC") पर लागू होती है।

हमारी संहिता, नीतियां और दिशानिर्देश सभी पर लागू होते हैं, चाहे उनकी भूमिका या वरिष्ठता कुछ भी हो।

लाइन मैनेजर और शासी निकाय को आदर्शस्वरूप होना चाहिए। यदि आप एक लाइन मैनेजर हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपकी टीम के सदस्य को, उनसे क्या उम्मीद की जाती है यह समझने के लिए उन्हें ज़रूरी मार्गदर्शन, संसाधन और प्रशिक्षण मिले। यह संहिता उन सभी तीसरे पक्षों पर भी लागू होती है जो BIC के साथ संपर्क बनाए रखते हैं।

## अपालन और अनुशासन-संबंधी शास्ति (दंड) के परिणाम

टीम के सभी सदस्य इस संहिता का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संहिता का पालन करने में विफलता पर कर्मचारी और/या कंपनी को ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है। इस विफलता के परिणामस्वरूप व्यवसाय को घाटा भी हो सकता है और BIC की प्रतिष्ठा को नुकसान भी हो सकता है। इसलिए, संहिता का पालन करने में विफलता के कारण टीम के सदस्यों के ख़िलाफ़ बर्खास्तगी तक की और उसके सहित अनुशासन-संबंधी कार्रवाई की जा सकती है। संहिता का अनुपालन न करने वाले कार्य नागरिक और आपराधिक दायित्व का कारण बन सकते हैं।

## तृतीय पक्ष

हम उन भागीदारों के साथ व्यापार करना चुनते हैं जो हमारे मूल्यों में सहभागी होते हैं। हमें चाहिए कि हमारे सभी तृतीय पक्ष और व्यावसायिक भागीदार सत्यनिष्ठा पर स्पष्ट प्रतिबद्धताओं को अपनाएं, जैसे कि हमारी संहिता में निर्धारित प्रतिबद्धताएं।

BIC की ओर से काम करने वाले किसी भी पक्ष को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके कार्य हमारी संहिता और नीतियों का अनुपालन करते हैं। यदि आप किसी व्यावसायिक भागीदार के साथ संबंध के लिए ज़िम्मेदार हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे भागीदार इस संहिता का अनुपालन करें।



# कार्य में हमारे मूल्य : कानूनों का अनुपालन और BIC की प्रतिष्ठा की सुरक्षा BiC®

# भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ लड़ाई में हमारी प्रतिबद्धताएं

**यह क्या है ?**

हम टीम के सदस्यों या हमारे व्यावसायिक भागीदारों की ओर से किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी को बर्दाश्त नहीं करते हैं, चाहे वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, निष्क्रिय या सक्रिय, सार्वजनिक या निजी हो, या हम प्रभाव डालना या सहूलियत संबंधी भुगतान को बर्दाश्त नहीं करते हैं।




किसी सरकारी या निजी व्यक्ति (उदाहरण के लिए, किसी ग्राहक का खरीदार या किसी सार्वजनिक प्राधिकरण का एजेंट) से, उसके कर्तव्यों के दायरे में आने वाले किसी कार्य को करने, या करने से परहेज करने के उद्देश्य से, किसी भी प्रकार के उपहार या लाभ की पेशकश करना, वह देना, स्वीकार करना या प्राप्त करना भ्रष्टाचार है।

किसी कार्य का एक उदाहरण अनुचित लाभ के बाद या इसके विपरीत, आपूर्तिकर्ता और अन्य आपूर्तिकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धा के अभाव के बाद अनुबंध प्रदान होना हो सकता है।

अनुचित लाभ की प्रकृति को बहुत व्यापक रूप से समझा जाता है, यह एक भौतिक या नैतिक लाभ, अन्य संसाधनों से विरासत या पुश्तैनी प्रकार का हो सकता है, जैसे कि नकद, उपहार, किसी भी प्रकार के लाभ का नि: शुल्क प्रदान करना, जैसे कि अपार्टमेंट या भविष्य के लाभों के लिए एक वादा। सैपिन II कानून, विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम और यूनाइटेड किंगडम (यू. के.) का रिश्वतखोरी अधिनियम, और भ्रष्टाचार-विरोधी से संबंधित अन्य सभी स्थानीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानक सीधे BIC पर लागू होते हैं।



सैपिन II कानून के अनुप्रयोग के संदर्भ में, जो फ्रांस और विदेशों में हमारे स्वामित्व वाली सभी संस्थाओं पर लागू होता है, साथ ही दुनिया भर में हमारी सभी गतिविधियों पर लागू होता है, हम भ्रष्टाचार को रोकने और सैपिन II कानून के अनुच्छेद 17 के तहत भ्रष्टाचार और प्रभाव डालने को रोकने के लिए आठ दायित्वों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध

हैं, यानी (1) भ्रष्टाचार-विरोधी संहिता या नीति, (2) एक मुखबिरी प्रणाली, (3) भ्रष्टाचार जोखिम का पता लगाना (मैपिंग), (4) तृतीय-पक्ष उचित मूल्यांकन, (5) लेखांकन संबंधी नियंत्रण, (6) भ्रष्टाचार-विरोधी प्रशिक्षण, (7) अनुशासन-संबंधी नियम, और (8) भ्रष्टाचार को रोकने के लिए इन दायित्वों से संबंधित आंतरिक नियंत्रण।

**कैसे कार्य करें?**

हमारी टीम के सदस्यों और तृतीय पक्षों के साथ हमारे संबंध आपसी विश्वास पर आधारित हैं। किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की अनुमति नहीं दी जाती है।

भ्रष्टाचार एक अपराध है। भ्रष्टाचार के कृत्यों में शामिल BIC और असली व्यक्तियों को आपराधिक रूप से उत्तरदायी ठहराया जा सकता है। इसलिए BIC और हममें से हर एक की रक्षा के लिए आप जिस संबंध में शामिल हो रहे हैं उसका सटीक प्रकार समझना बहुत महत्वपूर्ण है।

हमारी भ्रष्टाचार-विरोधी प्रतिबद्धताओं और उपायों का वर्णन हमारी भ्रष्टाचार-विरोधी नीति में अधिक विस्तार से किया गया है।

हम आपसे भ्रष्टाचार, निषिद्ध कार्यों और स्वीकार्य कार्यों, और इसी प्रकार से संबंधित परिभाषाओं के बारे में किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए इसका संदर्भ लेने के लिए कहते हैं।

हम आपसे हमेशा सतर्क रहने और अपनी गतिविधियों के संचालन में अपने अच्छे अनुमान का उपयोग करने के लिए कहते हैं, जिसे हर समय इस संहिता द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए।

किसी भी प्रश्न के लिए अपने लाइन मैनेजर या कानूनी और/या अनुपालन टीमों के किसी सदस्य से संपर्क करने में संकोच न करें।

## उपहार और मनोरंजन



**यह क्या है ?**

अपने कर्तव्यों के दौरान, आपको उपहार या मनोरंजन की पेशकश करने, देने, स्वीकार करने या प्राप्त करने की आवश्यकता हो सकती है। उपहार और मनोरंजन अनेक प्रकार के हो सकते हैं।

निजी या सरकारी व्यक्तियों को उपहार या अन्य लाभ प्रदान करना, देना, उनसे स्वीकार करना या प्राप्त करना निर्णय लेने में प्रभावित होने या खुद को प्रभावित करने की अनुमति देने के इरादे के रूप में समझा जा सकता है।

उपहार की पेशकश या उसे स्वीकार करने से निर्णय लेने वाले की निष्पक्षता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इसके अलावा, इस प्रकार के व्यवहार से स्वीकारकर्ता द्वारा दर्शाए गए संस्था के हित और उसी स्वीकारकर्ता के व्यक्तिगत हित के बीच हितों के टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है।

**कैसे कार्य करें?**

जब उपहार या मनोरंजन उचित मूल्य के हों और सामान्य कारबार पद्धति का हिस्सा हों, तब BIC वह देने या स्वीकार करने पर रोक नहीं लगाता है। हालांकि, कुछ परिस्थितियों में, उपहार या मनोरंजन भ्रष्टाचार का कृत्य हो सकता है।

आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उपहार या मनोरंजन वैध, उचित है और कानून द्वारा या उस दूसरे पक्ष द्वारा लगाए जा सकने वाले किसी भी प्रतिबंधों

को पूरा करता है जिसके लिए उपहार या मनोरंजन आशयित है।

हम आपसे भ्रष्टाचार-विरोधी नीति और/या किसी भी अन्य विशिष्ट और लागू नीतियों पर नज़र फेंकने के लिए कहते हैं, जो आपको उपहार और मनोरंजन के संबंध में, थ्रेसहोल्ड, समय, संदर्भ और बारंबारता के बारे में मार्गदर्शन करती हैं।

## संरक्षकता, दान और प्रायोजन



**यह क्या है ?**

हमें भ्रष्टाचार-विरोधी दायित्वों सहित किसी भी और सभी कानूनी दायित्वों के अनुपालन में अपने समुदायों में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। अपने कर्तव्यों के दौरान, आप संरक्षकता, दान, प्रायोजन या राजनीतिक या किसी अन्य योगदान के कृत्यों में भाग ले सकते हैं।

निजी या सरकारी व्यक्तियों को संरक्षकता, दान, प्रायोजन या अन्य लाभ प्रदान करना निर्णय लेने को प्रभावित करने के इरादे के रूप में देखा जा सकता है।

**कैसे कार्य करें?**

आपको यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और/या अनुपालन टीमों के किसी सदस्य का अनुमोदन प्राप्त करना होगा कि दान या प्रायोजन के अधीन लेन-देन किसी वैध और उचित उद्देश्य का अनुसरण करता है।

कुछ मामलों में, हमारे कारोबार संबंधी कार्यों को हमारी परोपकारी गतिविधियों से अलग करने और भ्रष्टाचार के संदेह से बचने के लिए कुछ गतिविधियों का BIC Corporate Foundation (कॉर्पोरेट फाउंडेशन) द्वारा विशेष रूप से किया जाना बेहतर है।

Foundation के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया https://fr.bic.com/fr/fondation-entreprise-bic देखें।

हम आपसे भ्रष्टाचार-विरोधी नीति पर नज़र फेंकने के लिए कहते हैं जो संभावित व्यवहार्यता और संरक्षकता, दान, प्रायोजन या अन्य योगदानों को नियंत्रित करने वाले नियमों को निर्धारित करने में लागू किए जाने वाले सिद्धांतों की रूपरेखा तैयार करती है।

## हितों के टकराव



**यह क्या है ?**

हम सभी का कर्तव्य है कि हम हर समय BIC के हित में कार्य करें।

हितों के टकराव को BIC के अंदर किसी व्यक्ति के कर्तव्य और वित्तीय हित सहित उनके व्यक्तिगत हित के बीच दखलअंदाजी की कोई भी स्थिति माना जा सकता है, जो BIC की ओर से इस तरह के कर्तव्य के स्वतंत्र, निष्पक्ष और उद्देश्यपूर्ण पालन को प्रभावित कर सकता है या प्रभावित करते दिखाई दे सकता है। हितों का टकराव BIC के हितों के बावजूद व्यक्ति के व्यक्तिगत हित का समर्थन कर सकता है।

जहां हितों का टकराव, अपने आप में, भ्रष्टाचार का कृत्य नहीं है, वहां इसके भ्रष्टाचार अपराध के शुरुआती चरणों का गठन करने की संभावना है।

**कैसे कार्य करें?**

आपको अपने लाइन मैनेजर या कानूनी और/ या अनुपालन टीमों में किसी व्यक्ति को हितों के संभावित टकराव का खुलासा करना चाहिए।

हम आपसे हितों के टकराव और अनुमत या निषिद्ध कार्यों के निर्धारण से संबंधित तत्वों के साथ-साथ हितों के ऐसे टकरावों के बारे में कैसे और किससे खुलासा करें, इसकी जानकारी के लिए भ्रष्टाचार-विरोधी नीति पर नज़र फेंकने करने के लिए कहते हैं।

## लॉबिंग



**यह क्या है ?**

BIC लॉबिंग को एक वैध और सकारात्मक कार्य मानता है, जिससे सार्वजनिक अधिकारियों के साथ अपने संबंधों में अपनी औद्योगिक विशेषज्ञता और बाजार के ज्ञान का अच्छा उपयोग होता है।

हितों का प्रतिनिधित्व करना कानून द्वारा आवृत सार्वजनिक अधिकारियों के साथ संवाद करके, किसी कानून या नियामक अधिनियम की सामग्री सहित सार्वजनिक निर्णय को प्रभावित करने के लिए किसी कानूनी व्यक्ति या असली व्यक्ति की मुख्य या नियमित गतिविधि है।

लॉबिंग इस अर्थ में प्रभाव डालने से अलग है कि तरीके वैध हैं और सख्ती से विनियमित किए जाते हैं।

**कैसे कार्य करें?**

BIC अपनी संभावित लॉबिंग को ज़िम्मेदारीपूर्वक और नैतिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी संभावित लॉबिंग प्रथाओं के प्रयोग में विधायी और नियामक ढांचे के अनुपालन को सुनिश्चित करता है।

BIC की ओर से लॉबिंग गतिविधियों का संभावित रूप से जारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से ऐसी गतिविधियों को ईमानदारी और अखंडता के साथ और लागू कानूनों और विनियमों के साथ-साथ इस संहिता के अनुसार आगे बढ़ाने की उम्मीद की जाती है।

किसी भी समूह गतिविधि की तरह, आचार संहिता और भ्रष्टाचार-विरोधी नीति लागू होती है।

## तृतीय पक्षों के साथ संबंध



**यह क्या है ?**

BIC विभिन्न तृतीय पक्षों, जैसे आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, सार्वजनिक अधिकारियों या विभिन्न व्यावसायिक भागीदारों के साथ निरंतर संपर्क में है। जब हम तृतीय पक्षों के साथ काम करते हैं, तब हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हैं और सुनिश्चित करना चाहिए कि ये तृतीय पक्ष हमारी प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हैं।

हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम किसी संबंध में शामिल करते समय और निरंतर आधार पर, दोनों वक्त तृतीय पक्षों की पहचान करते हैं और तृतीय-पक्ष का उचित मूल्यांकन करते हैं, ताकि भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ लड़ाई में लागू विधायी और नियामक आवश्यकताओं के साथ-साथ प्रतिष्ठा और सामाजिक, पर्यावरण और शासन संबंधी ज़िम्मेदारी का पालन कर सकें।

## सरकारी अधिकारी और राजनीतिक रूप से जोख़िम भरे व्यक्ति

एक सरकारी अधिकारी वह व्यक्ति होता है जो सार्वजनिक प्राधिकरण का प्रतिनिधि होता है, जिसे लोक सेवा अभियान सौंपा जाता है या सार्वजनिक निर्वाचित कार्यालय संभालना होता है।

एक राजनीतिक रूप से जोख़िम भरा व्यक्ति (Politically Exposed Person, PEP) वह व्यक्ति है जो राजनीतिक, क्षेत्राधिकार या वह जो प्रशासनिक कार्य करता/करती है उसके कारण BIC के लिए विशेष जोखिम पैदा करता है, या उनके कारण जो अपने परिवार के सदस्यों या व्यक्तियों द्वारा किए जाते हैं जो उसके साथ निकटता से जुड़े हुए हैं।

एक उचित मूल्यांकन शुरू में किया जाता है लेकिन पूरे व्यावसायिक संबंध में भी किया जाता है। भ्रष्टाचार के जोखिमों को ठीक से प्रबंधित करने के लिए किसी भी PEP की पहचान करना महत्वपूर्ण है। कानूनी और/या अनुपालन टीम का कोई सदस्य ज़रूरत पड़ने पर आपकी मदद कर सकता है।

किसी सरकारी अधिकारी या PEP के साथ बातचीत करना निषिद्ध नहीं है, लेकिन यह आवश्यक है कि बातचीत विशेष रूप से, इस संहिता, भ्रष्टाचार-विरोधी नीति और भागीदार पर लागू नियमों और शर्तों पर आधारित हो और यह कि लेनदेन का विषय होने के नाते उत्पाद या सेवा, जहां लागू हो, वहां वैध और आवश्यक हो।

## व्यावसायिक भागीदार



व्यावसायिक भागीदार ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या अन्य तृतीय पक्ष हो सकते हैं जिनके साथ हम व्यावसायिक संबंध बनाए रखते हैं या बनाए रखने का इरादा रखते हैं।

हमें केवल उन भागीदारों के साथ व्यापार करना चाहिए जो हमारे मूल्यों में सहभागी होते हैं, ईमानदारी से कार्य करते हैं और कानून का सम्मान करते हैं।

### कैसे कार्य करें?

आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी तृतीय पक्ष के साथ आपकी बातचीत को किसी भी अनुचित लाभ से जोड़ा नहीं जा सकता है, या माना जा सकता है।

हम अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और सभी व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करते हैं कि वे इस संहिता में बताए अनुसार स्पष्ट प्रतिबद्धताओं को अपनाएं और कम से कम, अपने परिचालनों में उन्हीं सिद्धांतों को लागू करें।

हम आपसे तृतीय पक्षों के संबंध में आपके व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए, सरकारी अधिकारियों के साथ होने वाली उचित बातचीत को समझने के लिए और हमारे व्यावसायिक भागीदारों से BIC की अपेक्षाओं को समझने के लिए तृतीय पक्ष नीति पर नज़र फेंकने के लिए कहते हैं।

## संपर्क

यदि आपको कोई दुविधा है, तो कृपया अपने कानूनी और/या अनुपालन विभाग, अपने लाइन मैनेजर, अपने वित्त विभाग या अपने स्थानीय मानव संसाधन से संपर्क करें → आप अकेले नहीं हैं... हम मदद करने और समर्थन देने के लिए यहां मौजूद हैं!

# व्यापार नियंत्रण, प्रतिबंध और व्यापार रोक



**यह क्या है ?**

कई अंतरराष्ट्रीय समझौते, कानून और विनियम सीमाओं के पार माल, सेवाओं या जानकारी के हस्तांतरण को नियंत्रित करते हैं।

अधिकांश देश कानूनों और सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के माध्यम से आयात और निर्यात को नियंत्रित करते हैं। इसके अतिरिक्त, संयुक्त राष्ट्र, यूनाइटेड स्टेट्स, यूरोपीय संघ और कई देश कुछ अन्य देशों, संस्थाओं और व्यक्तियों के साथ व्यापार को सिमित या प्रतिबंधित करने वाले प्रतिबंध लगा सकते हैं।

**कैसे कार्य करें?**

हम उन स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों के कानूनों, विनियमों और निर्णयों का पालन करते हैं जिसके तहत हम प्रतिबंधों और व्यापार रोक के संबंध में अधीन हैं।

हमें अपनी प्रतिष्ठा के लिए किसी भी संभावित कानूनी परिणाम या नतीजों से बचने के लिए इन दायित्वों के किसी भी संभावित उल्लंघन की पहचान करने में सतर्क रहना चाहिए।

हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हम हमेशा अपने उत्पादों को आयात और निर्यात करने के लिए आवश्यक लाइसेंस और प्राधिकरण प्राप्त करें और बनाए रखें और जहां उचित हो वहां, सीमा शुल्क अधिकारियों को सटीक जानकारी प्रदान करें।

हम आपसे आपका मार्गदर्शन करने के लिए प्रतिबंध और व्यापार रोक नीति पर नज़र फेंकने के लिए कहते हैं।





# प्रशासन और सतर्कता का कर्तव्य

# प्रशासन



हम उन सभी कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं जिनका उद्देश्य वित्तीय अपराधों का मुकाबला करना है, जिसमें वित्तीय जानकारी की पारदर्शिता, धन-शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण के ख़िलाफ़ लड़ाई, कंपनी की परिसंपत्तियों की धोखाधड़ी और उनका दुरुपयोग शामिल है।

## वित्तीय जानकारी

**यह क्या है ?**

वित्तीय जानकारी का एकत्रीकरण, प्रस्तुतिकरण और प्रकटीकरण कठोर और पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए।

किसी भी सूचीबद्ध कंपनी पर लागू नियमों से परे, BIC अपने व्यावसायिक भागीदारों, निवेशकों, शेयरधारकों, हितधारकों और समुदाय को अपने वित्तीय स्वास्थ्य का सच्चा और वैश्विक दर्शन प्रदान करने के लिए ऋणी है।

**कैसे कार्य करें?**

आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि इस जानकारी का संग्रह, विश्लेषण और दस्तावेज़ीकरण सही और कठोर तरीके से किया जाए, और यह कि किसी भी लेनदेन को ठीक से दर्ज किया जाए।

## धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) विरोधी और आतंकवाद के वित्तीयन का विरोध करना

**यह क्या है ?**

धन शोधन किसी भी तरह से, किसी अपराध या जुर्म के अपराधी के माल या आय की उत्पत्ति के झूठे औचित्य को सुगम बनाने का कार्य है, जिससे अपराधी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ हुआ हो। BIC इस संबंध में किसी भी कार्य को रोकने के लिए धन शोधन-विरोधी कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कैसे कार्य करें?**

हमें BIC की सुरक्षा के लिए संभावित संदिग्ध लेनदेन और अवैध गतिविधियों के प्रति सतर्क रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनी का उपयोग धन शोधन के उद्देश्य से नहीं किया जाता है।

BIC की प्रत्येक व्यावसायिक इकाई को अपने ग्राहकों की पहचान और वैध संचालन निर्धारित करने के लिए प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए और संदिग्ध भुगतानों को स्वीकार करना रोकने के लिए प्रक्रियाओं को बनाए रखना चाहिए।

हमें केवल उन तृतीय पक्षों के साथ व्यापार करना चाहिए जिनके साथ हमने पर्याप्त उचित मूल्यांकन किया है और उन्हें और उनकी गतिविधियों को जानने के लिए नियंत्रण पूरा किया है।

## कंपनी की परिसंपत्तियों की धोखाधड़ी और उनका दुरुपयोग

**यह क्या है ?**

धोखाधड़ी या तो किसी नाम या गुणवत्ता के गलत प्रतिनिधित्व द्वारा, या किसी वास्तविक गुणवत्ता के दुरुपयोग द्वारा, या कपटपूर्ण कृत्यों के उपयोग द्वारा किसी असली या कानूनी व्यक्ति को, उनके नुकसान के लिए या किसी तृतीय पक्ष के नुकसान के लिए, धोखा देने और उन्हें धन, प्रतिभूतियों या किसी संपत्ति को भेजने, सेवा प्रदान करने या किसी दायित्व के संचालन या निर्वहन का कार्य प्रदान करने के लिए मनाने का कार्य है।

कंपनी की परिसंपत्तियों का दुरुपयोग यानी किसी भी ऐसे कर्मचारी द्वारा कंपनी की परिसंपत्तियों का बुरी नियत से उपयोग है, जो जानता है कि ऐसा उपयोग कंपनी के हित के विपरीत है, व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए है या किसी अन्य कानूनी या असली व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए है जिसमें उनका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित हो सकता है।

किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या कंपनी की परिसंपत्ति या वित्तीय अपराध का दुरुपयोग BIC के मूल्यों के साथ-साथ लागू कानूनों द्वारा निषिद्ध है।

**कैसे कार्य करें?**

BIC की परिसंपत्ति और संसाधनों का उपयोग वाजिब, वैध और उचित तरीके से किया जाना है।

प्राधिकरण के बिना किसी भी का उपयोग करना, लेना, बेचना, उधार देना, उधार लेना या दे देना कानून द्वारा दंडनीय है। आपको हर समय BIC के हितों में कार्य करना चाहिए, जिसमें BIC का पैसा खर्च करते समय या BIC की ओर से वित्तीय प्रतिबद्धताएं करते समय हितों में कार्य करना शामिल है।

आपकी खर्च के रिपोर्टों में केवल आपके कार्य के निष्पादन के दौरान किए गए खर्च शामिल होने चाहिए और इनमें से प्रत्येक खर्च (भोजन, होटल, परिवहन, आदि) पर लागू नीति का पालन करना चाहिए। प्रत्येक खर्च के साथ एक संबंधित रसीद या चालान होना चाहिए।

आपको एक अनुकरणीय और पारदर्शी तरीके से व्यवहार करने की आवश्यकता है और जब आपको कंपनी की परिसंपत्ति या किसी अन्य वित्तीय अपराध के संभावित धोखाधड़ी या दुरुपयोग का संदेह हो तो आपको तुरंत वित्त, कानूनी और/या अनुपालन टीमों को बताना चाहिए।

## संपर्क

यदि आपको कोई दुविधा है, तो कृपया अपने कानूनी और/या अनुपालन विभाग, अपने लाइन मैनेजर, अपने वित्त विभाग या अपने स्थानीय मानव संसाधन से संपर्क करें → आप अकेले नहीं हैं... हम मदद करने और समर्थन देने के लिए यहां मौजूद हैं!

# पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन (ESG) से संबंधित हमारी प्रतिबद्धताएं



सतर्कता का कर्तव्य अधिनियम, जिसके तहत BIC अधीन है, का उद्देश्य मानव अधिकारों, स्वास्थ्य और सुरक्षा और पर्यावरण के उल्लंघन को रोकने के उपायों को सुनिश्चित करना है।

यह कानून विशेष रूप से एक सतर्कता योजना और रोकथाम उपायों की स्थापना के लिए उपबंध करता है जिसमें जोखिम का पता लगाना, तृतीय-पक्ष आकलन, एक आंतरिक मुखबिरी प्रणाली और निगरानी प्रणाली शामिल है।

सतर्कता को कंपनी की गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, लेकिन उन सहायक कंपनियों पर भी जिन्हें यह नियंत्रित करता है, साथ ही उन उप-ठेकेदारों या आपूर्तिकर्ताओं पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिनके साथ एक स्थापित व्यावसायिक संबंध बनाए रखा जाता है।

## मानव अधिकार

मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा मानव अधिकारों के लिए एक सुरक्षात्मक ढांचा है।

**यह क्या है ?**

### मानव अधिकार, विविधता और समावेशन

हमारे मूल्य हमारे द्वारा किए जाने वाले हर कार्य में मानव अधिकारों के मानकों के लिए सख्त सम्मान निर्धारित करते हैं। हम किसी भी कारण से भेदभाव या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

### भेदभाव और उत्पीड़न

हम उम्र, जाति, धर्म, रंग, जातीयता, राष्ट्रीय मूल, विकलांगता, यौन अभिविन्यास, लिंग, लिंग पहचान,

लिंग अभिव्यक्ति या वैवाहिक स्थिति, और किसी भी अन्य विशेषता के आधार पर उत्पीड़न में भेदभाव नहीं करते या उसे बर्दाश्त नहीं करते जिसके लिए स्थानीय कानून द्वारा कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाती है।

उत्पीड़न में कोई भी मौखिक, मनोवैज्ञानिक या शारीरिक आचरण शामिल है जिसका उद्देश्य धमकी देना, डराना या जबरदस्ती करना है, या ऐसा मौखिक आचरण शामिल है जो टीम के सदस्य की राय में, अपना काम करने की उसकी क्षमता को बाधित करता है।

यह आपके कर्तव्यों के निष्पादन के सभी पहलुओं पर लागू होता है। उत्पीड़न के मकसद या लक्ष्य संरक्षित श्रेणियों के भीतर हो सकते हैं, लेकिन आवश्यक रूप से नहीं आते हैं।

यह संहिता, साथ ही कानून, किसी भी रूप में यौन उत्पीड़न को प्रतिबंधित करता है। यौन उत्पीड़न को अवांछित यौन प्रगति के साथ-साथ यौन प्रकृति के किसी अन्य मौखिक या शारीरिक आचरण के रूप में परिभाषित किया गया है जो एक डराने वाला, शत्रुतापूर्ण या आक्रामक कार्य वातावरण बना सकता है। उत्पीड़न पीड़ित द्वारा निर्धारित किया जाता है न कि हमलावर द्वारा।

**कैसे कार्य करें?**

हम सभी को एक ऐसा वातावरण बनाने में मदद करनी चाहिए जिसमें टीम के सदस्य, व्यावसायिक भागीदार और हमारे समुदायों के सदस्य मूल्यवान, सम्मानित महसूस करें और सफल होने की अपनी पूरी क्षमता को प्रकट करने के लिए स्वतंत्र महसूस करें।

हम अपनी टीम संस्कृति के आवश्यक तत्वों के रूप में सांस्कृतिक और व्यक्तिगत विविधता को महत्व देते हैं। हम अपनी टीम के सदस्यों के लिए निष्पक्ष व्यवहार, समान अवसर और संसाधनों तक पहुंच में निष्पक्षता सुनिश्चित करते हैं। हम सभी के साथ इज्जत और सम्मान से पेश आते हैं।

आपको इस तरह से व्यवहार करने की आवश्यकता है जो हर समय मानव अधिकारों, विविधता, समावेशन और भेदभाव या उत्पीड़न के निषेध का सम्मान करने के लिए BIC की प्रतिबद्धताओं का अनुपालन करता है और हम तृतीय पक्षों से भी यही उम्मीद करते हैं जिसके साथ हम संपर्क बनाए रखते हैं।

## स्वास्थ्य और सुरक्षा

**यह क्या है ?**

हम अपनी टीम के सभी सदस्यों और तृतीय पक्षों के लिए सुरक्षित और समावेशी कार्य स्थितियों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध और ज़िम्मेदार हैं।

एक सुरक्षित कार्य वातावरण कार्यस्थल पर स्वास्थ्य, सुरक्षा और वातावरण में लागू कानूनों, मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रभावी अनुपालन पर आधारित है।

हमारी सख्त प्रतिबद्धताएं और विशिष्ट स्वास्थ्य और सुरक्षा मानक सभी पर लागू होते हैं और हर दिन, हर जगह, हर किसी के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए आशयित है।

**कैसे कार्य करें?**

यह हम सभी पर निर्भर है कि हम एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करें।

जिन प्रमुख तरीकों से हम दिखाते हैं कि हम एक-दूसरे को महत्व देते हैं, उनमें से एक यह है कि किसी भी ऐसे जोखिम के बारे में अपने प्रबंधन को सतर्क करें और रिपोर्ट करें जो आपके कर्तव्यों के निष्पादन में स्वास्थ्य और/या सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है।

## पर्यावरण

**यह क्या है ?**

हमारे प्रचालनों, हमारे व्यावसायिक भागीदारों, हमारी आपूर्ति श्रृंखला और हमारे उत्पादों और सेवाओं के पर्यावरणीय प्रभाव का प्रबंधन हमारे और हमारे हितधारकों के लिए महत्वपूर्ण है और BIC की दीर्घकालिक सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

हम अपनी पूरी आपूर्ति श्रृंखला में पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को उल्लेखनीय रूप से कम करके अपने ब्रांड और व्यवसाय को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम हमारे प्रत्येक व्यावसायिक निर्णय के पर्यावरणीय परिणामों को ध्यान में रखते हैं।

**कैसे कार्य करें?**

हम सभी अपने पर्यावरण प्रभाव (फुटप्रिंट) को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम पूरी आपूर्ति श्रृंखला और अपनी सभी गतिविधियों में पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए अपने व्यावसायिक भागीदारों के साथ लगातार काम कर रहे हैं।

## संपर्क

यदि आपको कोई दुविधा है, तो कृपया अपने कानूनी और/या अनुपालन विभाग, अपने लाइन मैनेजर, अपने वित्त विभाग या अपने स्थानीय मानव संसाधन से संपर्क करें → आप अकेले नहीं हैं... हम मदद करने और समर्थन देने के लिए यहां मौजूद हैं!





# गोपनीय परिसंपत्तियों और जानकारी की **सुरक्षा**

# ट्रेडमार्क की सुरक्षा



## ट्रेडमार्क की सुरक्षा

गुणवत्ता, बौद्धिक संपदा और नकली वस्तुओं के ख़िलाफ़ लड़ाई

**यह क्या है ?**

### गुणवत्ता

BIC के मूल्य गुणवत्ता वाले उत्पादों तक सभी की पहुंच पर आधारित हैं।
BIC को अपने उत्पादों और उत्पादों की गुणवत्ता पर बहुत गर्व है। उपभोक्ताओं को हर समय हमारे उत्पादों की गुणवत्ता पर भरोसा करने में सक्षम होना चाहिए।

BIC की प्रतिष्ठा उत्पाद डिज़ाइन से लेकर ग्राहक सेवा तक, हमारे व्यवसाय के सभी हिस्सों में, हमारी आपूर्ति श्रृंखला भर में श्रेष्ठ गुणवत्ता मानकों के ज़िम्मेदार अनुप्रयोग पर आधारित है।

### बौद्धिक संपदा

हमारे ब्रांड और तकनीकी नवाचार ट्रेडमार्क (व्यापारिक चिह्न) और/या पेटेंट (एकस्व अधिकार) द्वारा संरक्षित हैं। ये हमारे आविष्कारों को शामिल करते हैं, जैसे कि अद्वितीय प्रौद्योगिकियां और उत्पादन विधियां, कॉपीराइट और डिज़ाइन जो हमारे संचार, विज्ञापन विपणन सामग्री और हमारे विशिष्ट डिज़ाइनों के साथ-साथ हमारे व्यापार रहस्य और डोमेन नाम, जैसे सूत्र, डिज़ाइन, मॉडल या डिवाइस की रक्षा करते हैं।

### नकली वस्तुओं के ख़िलाफ़ कार्रवाई

हम अपने ब्रांड और उत्पादों को नकलीपन से बचाने के लिए ज़िम्मेदारी से कार्य करते हैं ताकि हमारे उपभोक्ता हमारे उत्पादों की गुणवत्ता पर भरोसा करना जारी रख सकें।

नकली उत्पाद उपभोक्ताओं को वास्तविक BIC उत्पादों से भ्रमित कर सकते हैं, या उन्हें गलत तरीके से जोड़ सकते हैं, जिससे यह भरोसा ख़त्म हो सकता है।

हमारा कर्तव्य है कि हम किसी भी प्रकार के नकलीपन को रोकें जो BIC पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है और/या हमारे उपभोक्ताओं के लिए खतरनाक हो सकती है।

**कैसे कार्य करें?**

### गुणवत्ता

आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे उत्पाद सभी लागू नियमों का पालन करते हैं और यह कि सभी पैकेजिंग डिज़ाइन और अन्य उत्पाद बदलाव हमारी उत्पाद सुरक्षा प्रक्रिया का अनुपालन करते हैं।

संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे सभी व्यावसायिक भागीदार हमारे सुरक्षा नियमों और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप काम करें। BIC समूह उत्पाद सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है।

### बौद्धिक संपदा और नकलीपन

यदि आपको कोई ऐसा उत्पाद दिखाई देता है जिस पर आपको संदेह है कि वह नकली हो सकता है, तो आपको तुरंत अपने नकली प्रबंधक को इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए, ताकि BIC कार्रवाई कर सके।

आपको कभी भी किसी अन्य व्यक्ति या संगठन की अनुमति के बिना उसके कॉपीराइट के अंतर्गत आने वाली कोई भी सामग्री को किसी वेबसाइट से डाउनलोड, कॉपी, वितरित नहीं करनी चाहिए, उस पर पोस्ट नहीं करना चाहिए या उसका उपयोग नहीं करना चाहिए।

## निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

**यह क्या है ?**

हमें दुनिया भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की रक्षा और बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी कानूनों का पालन करना चाहिए।

स्पर्धारोधी या प्रतिस्पर्धा कानून प्रतिस्पर्धियों, ग्राहकों, वितरकों और अन्य तृतीय पक्षों के साथ व्यवहार को नियंत्रित करते हैं।

**कैसे कार्य करें?**

प्रत्येक कर्मचारी को सभी वाणिज्यिक लेनदेनों में या निविदाओं के लिए कॉल में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा के मुक्त खेल को विकृत न किया जाए। लागू कानून और नियम अक्सर जटिल होते हैं और उनका दायरा अलग-अलग देशों में अलग होता है।

सभी कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका व्यवहार प्रतिस्पर्धा की एक प्रतिबंधात्मक प्रथा न बने, जिसमें विशेष रूप से, अनुचित या असंगत लाभ प्राप्त करने में, अनुबंध के पक्षकारों के बीच एक उल्लेखनीय असंतुलन पैदा करने या अचानक एक स्थापित व्यावसायिक संबंध तोड़ने में प्रतिबंधात्मक प्रथा न बनना शामिल है।

हमारे प्रत्येक उत्पाद को इसके उचित मूल्य पर वितरित किया जाना चाहिए और प्रतिस्पर्धा कानून के विपरीत कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। सभी कर्मचारियों को किसी गैरकानूनी समझौते में भाग लेने से बचना चाहिए या उस शक्ति की स्थिति का दुरुपयोग करने से बचना चाहिए जिसमें BIC खुद को पा सकता है। आपको कीमतों या अन्य विशिष्ट व्यावसायिक शर्तों को निर्धारित करने, उत्पादन को सीमित करने, क्षेत्रों, उत्पादों या ग्राहकों को आवंटित करने, या किसी ग्राहक या आपूर्तिकर्ता से निपटने से इनकार करने के लिए प्रतिस्पर्धियों से सहमत नहीं होना चाहिए या यहां तक कि चर्चा भी नहीं करनी चाहिए।

आपको प्रतिस्पर्धियों के साथ व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी पर चर्चा नहीं करनी चाहिए, उदाहरण के लिए, मूल्य निर्धारण, लागत, मार्जिन, शर्तें, विपणन योजनाएं या नए उत्पाद का लॉन्च।

उद्योग की खबरों पर अद्यतित रहना महत्वपूर्ण है। हालांकि, सावधान रहें कि किसी ग्राहक से एक सामान्य संपर्क पर सहमत होने के लिए या प्रतिस्पर्धियों के बीच एक वाणिज्यिक मुद्दे से निपटने के लिए एक मंच के रूप में व्यापार संघ का उपयोग न करें जो कि कानून का
उल्लंघन कर सकता है।

# सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा, गोपनीयता, डेटा गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी



## सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा एवं गोपनीयता

**यह क्या है ?**

BIC की गोपनीय जानकारी एक मूल्यवान परिसंपत्ति है, और हम सभी को इसे प्रभावी ढंग से सुरक्षित और प्रबंधित करने में मदद करने की आवश्यकता है। यदि कोई गोपनीय जानकारी BIC के बाहर साझा की जाती है, तो यह न केवल कानूनी जोखिम पैदा कर सकती है, बल्कि हमारी लाभप्रदता को भी प्रभावित कर सकती है और हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकती है।

गोपनीय जानकारी में व्यापार रहस्य, गैर-सार्वजनिक वित्तीय जानकारी, व्यावसायिक योजनाएं या रणनीतियां, विपणन, नवाचार और प्रचार गतिविधि योजनाएं, मूल्य सूची और ग्राहक सूची, हमारी टीम के सदस्यों या व्यावसायिक भागीदारों के बारे में व्यक्तिगत जानकारी, वेतन का डेटा या व्यक्तिगत लॉगिन क्रेडेंशियल्स और पासवर्ड शामिल हो सकते हैं।

**कैसे कार्य करें?**

हमारी जानकारी की सुरक्षा की रक्षा के लिए, आपको अन्य चीजों के अलावा, मज़बूत पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए और इन्हें और आपके उपयोगकर्ता पहचान को सुरक्षित और निजी रखना चाहिए।

समूह द्वारा स्थापित नीतियों के अनुसार सभी BIC जानकारी को सार्वजनिक डोमेन में वर्गीकृत करना महत्वपूर्ण है। BIC के सभी आंतरिक दस्तावेज़ों को गोपनीय माना जाता है जब तक कि कानूनी और/या अनुपालन दल उन्हें अलग तरीके से वर्गीकृत न करें। बाहरी संचार करते समय, सुनिश्चित करें कि आप केवल आवश्यक, सार्वजनिक और गैर-गोपनीय जानकारी भेजते हैं।

आप समझदारी से कार्य करके, जैसे, उदाहरण के लिए, सार्वजनिक रूप से, लिफ्ट, ट्रेन या विमान में गोपनीय चीजों के बारे में बात नहीं करके, होटल या सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के डिब्बे में दस्तावेज़ न छोड़कर, कंप्यूटर या लैपटॉप पर सुरक्षात्मक स्क्रीन लगाकर और किसी भी गोपनीय दस्तावेज़ को फाड़कर, हमारी जानकारी की गोपनीयता की रक्षा कर सकते हैं।

आपको गोपनीय जानकारी के हकदार व्यक्तियों के अलावा अन्य लोगों के साथ अपने कार्यों को पूरा करने के उद्देश्यों के लिए इसकी चर्चा करने, बनाए रखने, प्रक्रिया करने या उसकी पहुंच प्रदान नहीं करने की आवश्यकता है।

आपको सतर्क रहना चाहिए और अप्रत्याशित और संदिग्ध ईमेल का जवाब नहीं देना चाहिए, और इन ईमेल में निहित लिंक नहीं खोलें क्योंकि उनमें अनुचित लिंक हो सकते हैं। जब आपको BIC के अलावा कोई ईमेल प्राप्त होता है, तो और भी अधिक सतर्क रहें।

## डेटा गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी



**यह क्या है?**

हमारे व्यवसाय के दौरान, हम में से कुछ टीम के सदस्यों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, उपभोक्ताओं और अन्य व्यक्तियों के बारे में व्यक्तिगत जानकारी रखेंगे या उस तक पहुंच प्राप्त करेंगे।

हम व्यक्तिगत डेटा और व्यक्तिगत जानकारी का सम्मान करते हैं और इसे अन्य बातों के साथ-साथ, सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR), साथ ही हम जिन सभी देशों में काम करते हैं उनके स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार ज़िम्मेदारी से संभालते हैं। किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य, जाति, जातीय मूल, राजनीतिक राय, नैतिक और धार्मिक विश्वासों, यौन जीवन या आपराधिक गतिविधियों के बारे में संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को विशेष सावधानी के साथ और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार संभालने की आवश्यकता है।

**कैसे कार्य करें?**

आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि व्यक्तिगत डेटा और जानकारी प्रदान करने वाले व्यक्तियों को उनके अधिकारों के बारे में उचित रूप से अवगत कराया जाए, जिनके पास उनके डेटा तक पहुंच होगी, साथ ही इस तथ्य के लिए कि केवल प्रासंगिक डेटा का अनुरोध किया जाता है और विशेष रूप से उन उद्देश्यों के लिए संग्रहीत किया जाता है जिनके लिए इसे एकत्र किया गया था।

व्यक्तिगत डेटा और जानकारी के संग्रह और प्रबंधन की विशिष्टता के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया वैश्विक गोपनीयता नीति पर नज़र फेंकें, डेटा गोपनीयता अधिकारी या BIC की कानूनी और/ या अनुपालन टीमों के सदस्य से संपर्क करें। यदि आपको कोई उल्लंघन(उल्लंघनों) का सामना करना पड़ता है, तो कृपया उन्हें तुरंत निम्नलिखित पते पर रिपोर्ट करें: **privacy@bicworld.com**

व्यक्तिगत जानकारी को:

- उचित और कानूनी रूप से प्राप्त, और उचित प्रक्रियाओं के अनुसार प्रबंधित किया जाना चाहिए।
- केवल सीमित या बताए गए उद्देश्यों के लिए संसाधित किया जाना चाहिए और उस उद्देश्य के लिए जो आवश्यक है उसे कम से कम किया जाना चाहिए।
- केवल उचित सुरक्षा उपायों के साथ तृतीय पक्ष के साथ साझा किया जाना चाहिए।
- सटीक, प्रासंगिक, अत्यधिक नहीं और उस उद्देश्य से अधिक समय तक नहीं रखा जाना चाहिए जिसके लिए उन्हें एकत्र किया गया था। इसकी अवधारण अवधि उस उद्देश्य के साथ सहसंबद्ध होनी चाहिए

- किसी व्यक्ति के कानूनी अधिकारों के सम्मान के साथ संभाल कर रखा जाना चाहिए
- सुरक्षित रूप से और उचित रूप से संभाला और संग्रहीत किया जाना
- अन्य देशों में केवल BIC समूह की व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नीति और व्यक्तिगत डेटा के हस्तांतरण और सुरक्षा के संबंध में किसी भी लागू के नियम अनुसार स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

टीम के सदस्यों, व्यावसायिक भागीदारों और किसी भी रिकॉर्डिंग के तृतीय पक्ष से रिकॉर्ड करने की पूर्व अनुमति के बिना टीम के सदस्य किसी भी रिकॉर्डिंग डिवाइस के साथ बातचीत, फोन कॉल, वीडियो कॉल, छवियां या कंपनी की बैठकों को रिकॉर्ड नहीं कर सकते हैं।

BIC कानूनी द्वारा अनुमोदित और BIC IT द्वारा समीक्षा किए गए अनुबंध समझौते के बिना कभी भी BIC की गोपनीय जानकारी को जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स (Gen-AI) सहित किसी भी तृतीय पक्ष की एप्लीकेशन या प्रौद्योगिकी सेवा के साथ साझा न करें।

यदि आप हमारी आचार संहिता, मूल्यों और हमारे कार्य वातावरण की अखंडता का उल्लंघन देखते हैं या शिकार हैं, तो घटना को रिकॉर्ड करने के इच्छुक न हो, बल्कि अपने पर्यवेक्षक या कानूनी और/या अनुपालन टीमों के साथ या SpeakUp प्लेटफॉर्म पर या ई-मेल speakup@bicworld.com द्वारा इसे साझा करने की सजगता रखें।

आपकी राय मायने रखती है और आपको किसी भी तरह के प्रतिशोध से बचाया जाएगा

## बाहरी संचार और सोशल मीडिया

**यह क्या है ?**

यह महत्वपूर्ण है कि हम निवेशकों, मीडिया, समुदाय या सरकारी प्रतिनिधियों, वाणिज्यिक भागीदारों, ग्राहकों और उपभोक्ताओं सहित अपने बाहरी हितधारकों के साथ संचार को सावधानीपूर्वक संभाले।

मीडिया और समुदायों के साथ BIC के दिन-प्रतिदिन के संपर्क का प्रबंधन वैश्विक और स्थानीय बाजार संचार टीमों द्वारा किया जाता है, जिन्हें कंपनी की ओर से किसी भी बोलने वाले जुड़ाव को भी मंज़ूरी देनी होगी। निवेशकों के साथ संचार निवेशक संबंध टीम द्वारा प्रबंधित किया जाता है।

**कैसे कार्य करें?**

BIC की ओर से मीडिया से न जुड़ना बेहद महत्वपूर्ण है। केवल संचार टीम ही BIC की ओर से एक पत्रकार को जवाब दे सकती है।

आपको किसी पत्रकार, निवेशक या वित्तीय विश्लेषक द्वारा कॉर्पोरेट हितधारक जुड़ाव के किसी भी पेशकश के बारे में संचार टीम को रिपोर्ट करना और उन्हें बताना ज़रूरी है।

BIC की ओर से किसी कार्यक्रम में बोलने या भाग लेने का निमंत्रण स्वीकार करने से पहले आपको संचार टीम से अनुमति भी लेना चाहिए।

BIC, आपकी टीम के सदस्यों, हमारे प्रतिस्पर्धियों, या हमारे बाहरी हितधारकों, वाणिज्यिक भागीदारों, ग्राहकों या उपभोक्ताओं के बारे में ऑनलाइन या किसी भी मीडिया (संचार माध्यम) में कोई भी भ्रामक, दुर्भावनापूर्ण, आक्रामक, अनुचित, भेदभावपूर्ण, डराने वाला, नकारात्मक, सांस्कृतिक रूप से असंवेदनशील या अनुचित बयानों को किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाता है।



# हम सुन रहे हैं:
# रिपोर्ट करना और चेतावनी प्रणाली

# रिपोर्ट करना (सूचना देने की प्रक्रिया)



हम सभी को कुछ परिस्थितियों में मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

हर परिस्थिति अलग होती है और कोई भी संहिता, नीति या मानक हर चीज़ को सम्मिलित नहीं कर सकता है। यदि आपको सही काम करने के तरीके के बारे में कोई दुविधा है, तो मदद या सलाह लेने में संकोच न करें।

**यह क्या है ?**

यदि आप मानते हैं कि कुछ ऐसा हो रहा है जो इस आचार संहिता और हमारे मूल्यों के अनुरूप नहीं है, तो इसकी रिपोर्ट करें!

आपके पास हमारी संहिता, नीतियों या दिशानिर्देशों के किसी भी संभावित या वास्तविक उल्लंघन या किसी भी संदिग्ध भंग या कानून के उल्लंघन की तुरंत रिपोर्ट करने का मौका है।

**कैसे कार्य करें?**

चाहे सलाह ले रहे हों या खुलकर बोल रहे हों, आप हमेशा अपने लाइन मैनेजर, मानव संसाधन प्रबंधक, कानूनी और/या अनुपालन टीमों के किसी सदस्य से बात कर सकते हैं या BICSpeakUp का उपयोग कर सकते हैं।

वेबसाइट से गुमनाम रूप से संपर्क करें या अपनी संपर्क जानकारी छोड़ दें। BICSpeakUp.com एक तृतीय-पक्ष सहायता सेवा प्रदाता द्वारा प्रबंधित किया जाता है, जो BIC पर निर्भर नहीं है, और इसके कर्मचारी कई भाषाएं बोलते हैं।

SpeakUp@ bicworld.com पर एक ई-मेल पता भी उपलब्ध है। यह ईमेल पता केवल कानूनी और अनुपालन टीमों के लिए है, जो आपकी गुमनामी की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यदि आप ऐसा चाहें।

# प्रतिशोध के ख़िलाफ़ सुरक्षा



चिंता प्रकट करने के लिए साहस की ज़रूरत हो सकती है, और कभी-कभी जो चीज़ हमें रोके रखती है वह है हमारे सहयोगियों और प्रबंधकों की प्रतिक्रिया का डर।

आश्वस्त रहें कि कानून के अनुसार BIC को आपकी पहचान, तथ्यों, संबंधित व्यक्ति और चेतावनी में उल्लिखित किसी भी तृतीय पक्ष के बारे में गोपनीयता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मुखबिर भी गुमनाम रहने के लिए कह सकता है। चेतावनी जानकारी तक कोई भी पहुंच चेतावनी को संभालने के लिए निर्दिष्ट व्यक्तियों तक सीमित होगी।

BIC मुखबिर के ख़िलाफ़ प्रतिशोध के किसी भी कृत्य की अनुमति नहीं देता है। यह कानून मुखबिर, उसके मददगारों, उसके दल और क=मुखबिर द्वारा नियंत्रित कंपनियों को सभी प्रतिशोधों से बचाता है।

कोई भी व्यक्ति जो किसी भी तरह से किसी रिपोर्ट के संचरण और प्रसंस्करण में बाधा डालता है, वह कारावास सहित आपराधिक दंड के लिए उत्तरदायी है।

## संपर्क

यदि आपको कोई दुविधा है, तो कृपया अपने कानूनी और/या अनुपालन विभाग, अपने लाइन मैनेजर, अपने वित्त विभाग या अपने स्थानीय मानव संसाधन से संपर्क करें → आप अकेले नहीं हैं... हम मदद करने और समर्थन देने के लिए यहां मौजूद हैं!



तस्वीर : डिडिएर डेल्मास

**Société BIC**
12 boulevard Victor Hugo
92611 Clichy Cedex France
www.bic.com